an>

Title: h Need to expedite the setting up of a Kendriya Vidyalaya at Railway Complex, Sitapur, Uttar Pradesh.

श्री राजेश वर्मा (सीतापुर) ः उत्तर प्रदेश में जिला सीतापुर के रेल परिसर में सिविल सैक्टर के लिए नया केंद्रीय विद्यालय खोलने के संबंध में केंद्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा प्रस्ताव पास कर मंडल रेल प्रबंधक (पूर्वोत्तर रेलवे) लखनऊ को अवगत कराया गया तथा उनसे शीघ्र कार्यवाही करके रिपोर्ट देने को लिखा गया। परंतु सन् 2012 से अभी तक इस संबंध में मंडल रेल प्रबंधक (पूर्वोत्तर रेलवे) द्वारा की गई कार्यवाही से केंद्रीय विद्यालय संगठन को अवगत नहीं कराया गया है, जिससे अभी तक केंद्रीय विद्यालय नहीं खुल सका है। जबकि मध्यम वर्ग एवं गरीब लोगों द्वारा अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश कराने की मांग निरंतर बढ़ती जा रही है।

मेरी सरकार से मांग है कि सीतापुर (रेल परिसर) में सिविल सैक्टर के लिए नया केंद्रीय विद्यालय खोलने हेतु मंडल रेल प्रबंधक (पूर्वोत्तर रेलवे) शीघ्रातिशीघ्र अपनी रिपोर्ट उपायुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, लखनऊ को प्रस्तुत करने हेतु आदेश निर्गत करने की कृपा करें।